**आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)**
**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**18.45 शनिवार** **दिनांक 20.12.2025**

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

**मुख्य समाचारः–**

- **प्रदेश में कल से शुरू होगा पल्स पोलियो अभियान–शून्य से पांच वर्ष तक के बच्चों को पिलाई जाएगी दवा।**
- **राज्य में इन दिनों "प्रशासन गांव की ओर" थीम पर सुशासन सप्ताह का किया जा रहा है आयोजन।**
- **बिलासपुर में तेईस से पच्चीस दिसंबर तक होगा राज्य स्तरीय युवा महोत्सव।**
- **प्रदेश के कई जिलों में शीतलहर और घने कोहरे का असर–मैनपाट में न्यूनतम तापमान पहुंचा करीब चार डिग्री सेल्सियस।**

## पल्स पोलियो अभियान

पल्स पोलियो अभियान के तहत कल इक्कीस दिसंबर को प्रदेशभर में शून्य से पांच वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की खुराक दी जाएगी। वहीं, बाईस और तेईस दिसंबर को छूटे हुए बच्चों को स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा घर–घर जाकर पोलियो की दवा पिलाई जाएगी। पल्स पोलियो अभियान को लेकर स्वास्थ्य विभाग द्वारा सभी तैयारियां लगभग पूरी कर ली गई हैं।

## वीर बाल रैली

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज छत्तीसगढ़ राज्य अल्पसंख्यक आयोग द्वारा रायपुर में आयोजित वीर बाल रैली में शामिल हुए। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने मरीन ड्राइव से इस रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली में स्कूली छात्र–छात्राओं, स्काउट–गाइड और एनसीसी कैडेट्स ने भाग लिया। अपने संबोधन में श्री साय ने कहा कि छब्बीस दिसंबर को वीर बाल दिवस के रूप में गुरु गोबिंद सिंह के साहिबजादों – बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह के अद्वितीय बलिदान को याद किया जाता है। उन्होंने छोटी सी उम्र में जिस अदम्य साहस, आस्था और बलिदान का परिचय दिया, वह मानव इतिहास में अनुकरणीय है। कार्यक्रम को मंत्री खुशवंत साहेब और छत्तीसगढ़ राज्य अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष अमरजीत छाबड़ा ने भी संबोधित किया।

## प्रशासन गांव की ओर

प्रदेश में इन दिनों "प्रशासन गांव की ओर" थीम पर सुशासन सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। कल से शुरू हुए इस अभियान का समापन पच्चीस दिसंबर को होगा। इस अभियान के तहत गांवों में शिविर लगाए जा रहे हैं, जिसके माध्यम से लोगों को शासन की योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। साथ ही जरूरी प्रमाण–पत्र बनाने के अलावा जनशिकायतों का निराकरण भी किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ शासन के सुशासन और अभिसरण विभाग के सचिव तथा मुख्यमंत्री के सचिव राहुल भगत ने आकाशवाणी समाचार से बात करते हुए कहा कि सुशासन अभियान को लेकर शासन द्वारा कलेक्टरों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए गए हैं। आगामी तेईस दिसंबर को जिला स्तर पर कार्यशालाएं और प्रसार कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

## पेड़ कटाई

वन विभाग ने स्पष्ट किया है कि जंगलों को स्वस्थ रखने के उद्देश्य से इस साल भी पेड़ों की कटाई का काम शुरू किया गया है। यह काम पूरी तरह से कानूनी प्रक्रिया, केन्द्र और राज्य सरकार के दिशा–निर्देशों के अनुसार किया जा रहा है। इसके तहत केवल सूखे, रोगग्रस्त और क्षतिग्रस्त वृक्षों को हटाया जा रहा है, जिससे जंगलों के स्वस्थ विकास को बढ़ावा मिलेगा और हरियाली में वृद्धि होगी। वन मंत्री केदार कश्यप ने बताया कि वन संरक्षण, लकड़ी उत्पादन और स्थानीय समुदायों को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से क्षतिग्रस्त पेड़ों की कटाई की जाती है। पेड़ कटाई का प्रस्ताव केन्द्र सरकार को स्वीकृति के लिए भेजा जाता है। स्वीकृति मिलने के बाद ही यह काम शुरू होता है।

इस बीच, बीजापुर के वनमंडलाधिकारी रंगानाथन रामाकृष्णन वाय ने बताया कि जिले में माओवाद मुक्त क्षेत्रों में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से क्षतिग्रस्त पेड़ों की कटाई का काम फिर से शुरू किया गया है। इस अभियान के अंतर्गत बारह हजार से अधिक वृक्ष काटे जाएंगे। इससे प्राप्त होने वाली आय का बीस फीसदी

हिस्सा ग्राम वन प्रबंधन समिति की सहमति से गांव में मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराने के साथ ही वन संरक्षण कार्यों पर खर्च किया जाएगा।

**नवा रायपुर–तहसील प्रस्ताव**

राज्य सरकार ने नवा रायपुर अटल नगर को नई तहसील बनाने के लिए प्रस्ताव जारी कर दिया है। राजस्व और आपदा प्रबंधन विभाग ने छत्तीसगढ़ राजपत्र में इससे संबंधित अधिसूचना प्रकाशित कर दी है। जारी अधिसूचना के अनुसार रायपुर जिले की वर्तमान तहसील – रायपुर, मंदिर हसौद, गोबरा नवापारा और अभनपुर की सीमाओं में परिवर्तन कर नवा रायपुर अटल नगर तहसील का गठन किया जाएगा। अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से साठ दिनों के भीतर इस प्रस्ताव पर आपत्ति या सुझाव आमंत्रित किए गए हैं। प्रस्तावित नई तहसील में छह राजस्व निरीक्षक मंडलों के अंतर्गत बीस पटवारी हल्कों के उनतालीस गांवों को शामिल किया जाएगा। इनमें पलौद, मंदिर हसौद, केंद्री, तोरला, सेरीखेडी और कांदुल क्षेत्र के गांव शामिल हैं।

**विशेष कार्यक्रम**

आकाशवाणी केन्द्र रायपुर द्वारा " विकसित भारत – रोजगार और आजीविका गारंटी मिशन ग्रामीण – जी राम जी योजना" पर एक विशेष कार्यक्रम का प्रसारण किया जाएगा। यह कार्यक्रम कल इक्कीस दिसंबर रविवार को रात आठ बजे से आठ बजकर पंद्रह मिनट तक आकाशवाणी केन्द्र रायपुर से प्रसारित किया जाएगा। इसे छत्तीसगढ़ स्थित सभी आकाशवाणी केन्द्र एक साथ रिले करेंगे।

**भिलाई–प्रांत अधिवेशन**

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का अंठावनवां छत्तीसगढ़ प्रांत अधिवेशन कल से भिलाई में शुरू हुआ। अधिवेशन में छात्र हितों की रक्षा, शिक्षा नीति और राष्ट्र निर्माण पर मंथन किया गया। इस दौरान डॉक्टर विकास पांडेय को प्रांत अध्यक्ष और अनंत सोनी को प्रांत मंत्री चुना गया। पहले दिन दुर्ग में शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें प्रदेश के सभी जिलों से आए विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। इस मौके पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, छत्तीसगढ़ प्रांत के प्रदेश मंत्री अनंत सोनी ने आकाशवाणी समाचार को बताया कि इस शोभायात्रा के माध्यम से विकसित भारत और विकसित छत्तीसगढ़ की परिकल्पना को दिखाने का प्रयास किया गया है।

**ट्रेन परिचालन**

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के नागपुर मंडल के अंतर्गत डोंगरगढ़ लाइन पर सुधार कार्य किया जाएगा। इसके कारण तेईस से अट्ठाईस दिसंबर तक कुछ ट्रेनें रद्द रहेंगी। इनमें दुर्ग–गोंदिया मेमू, गोंदिया–नेताजी सुभाषचंद्र बोस इतवारी मेमू, रायपुर–डोंगरगढ़ मेमू, गोंदिया–झारसुगुड़ा मेमू, रायपुर–नेताजी सुभाषचंद्र बोस इतवारी पैसेंजर, डोंगरगढ़–गोंदिया मेमू शामिल हैं। इसके अलावा रायपुर–डोंगरगढ़ और डोंगरगढ़–बिलासपुर मेमू सत्ताईस दिसंबर को दुर्ग–डोंगरगढ़ के बीच रद्द रहेगी।

**राज्य स्तरीय युवा महोत्सव**

बिलासपुर में आगामी तेईस से पच्चीस दिसंबर तक राज्य स्तरीय युवा महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। महोत्सव के तहत बहतराई स्थित खेल परिसर और पुलिस मैदान में विभिन्न प्रतियोगिताएं होंगी। इसमें जिला स्तरीय युवा महोत्सवों के विजेता प्रतिभागी और दलों के अलावा अधिकारी तथा कर्मचारी भी शामिल होंगे। इन प्रतियोगिताओं में पंद्रह से उनतीस वर्ष आयु वर्ग के युवा भाग लेंगे।

**दिव्यांगजन–शिविर**

मूक–बधिर और दृष्टिबाधित दिव्यांग बच्चों को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से रायपुर में कल से पांच दिवसीय निःशुल्क शिविर शुरू हुआ है। इसका आयोजन छत्तीसगढ़ दिव्यांगजन वित्त तथा विकास निगम द्वारा एक निजी संस्था के सहयोग से किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ दिव्यांगजन वित्त और विकास निगम के अध्यक्ष लोकेश कावड़िया ने बताया कि इस शिविर में देश के विभिन्न राज्यों से लगभग बारह सौ दिव्यांग बच्चे हिस्सा ले रहे हैं। शिविर में प्रशिक्षकों द्वारा इन बच्चों को रोजगारमूलक कार्यों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है, ताकि वे आत्मनिर्भर बन सकें।

**मौसम**

उत्तर से आ रही ठंडी हवाओं के कारण छत्तीसगढ़ के कई जिलों में इन दिनों कड़ाके की ठंड पड़ रही है। साथ ही घने कोहरे का असर भी देखा जा रहा है। प्रदेश के उत्तरी और मध्य हिस्से शीतलहर की चपेट में है। अंबिकापुर में न्यूनतम तापमान करीब पांच डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। वहीं, पेण्ड्रा में भी आज सुबह देर तक घना कोहरा छाया रहा। मैनपाट में न्यूनतम तापमान करीब चार डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

मौसम विभाग के अनुसार अगले दो दिनों तक न्यूनतम तापमान में कोई खास बदलाव नहीं होगा।

**जिले की चिट्ठी**

प्रादेशिक समाचार एकांश, आकाशवाणी रायपुर द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रम "जिले की चिट्ठी" का प्रसारण कल शाम छह बजकर पांच मिनट से छह बजकर दस मिनट तक किया जाएगा। इस कार्यक्रम को छत्तीसगढ़ स्थित आकाशवाणी के सभी केन्द्र रिले करेंगे। इस बार के अंक में **''मुंगेली''** जिले की गतिविधियों के बारे में जानकारी दी जाएगी।

**संक्षिप्त समाचार**

– मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज सारंगढ़ में आयोजित तीन दिवसीय संत गुरु घासीदास रजत जयंती समारोह के समापन कार्यक्रम में शामिल हुए। इस मौके पर उन्होंने कहा कि गुरू घासीदास किसी एक समाज के नहीं, बल्कि सम्पूर्ण मानव समाज के मार्गदर्शक थे।

– बिलासपुर जिले के तोरवा थाना क्षेत्र में चारपहिया वाहन की टक्कर से मोटरसाइकिल सवार केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल–सीआरपीएफ के एक जवान की मौत हो गई। वहीं, एक अन्य व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया।

– कोरबा जिले में कटघोरा थाना क्षेत्र के तानाखार में कार और डीजल टैंकर के बीच हुई टक्कर में कार सवार व्यक्ति की मौके पर मौत हो गई। जबकि, चार अन्य घायल हो गए हैं, जिनमें से तीन की हालत गंभीर बनी हुई है।

– धमतरी जिले के दुगली थाना क्षेत्र में आज एक तेज रफ्तार कार ने मोटरसाइकिल को अपनी चपेट में ले लिया। इस हादसे में मोटरसाइकिल सवार युवक की मौत हो गई। वहीं, दो अन्य घायल हो गए।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>